Mahendra's Daily Current Affairs: 06.11.2020

1-Prime Minister Narendra Modi chaird the Virtual Global Investor Roundtable (VGIR) on 5th November, 2020.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **5** नवंबर**, 2020** को वर्चुअल ग्लोबल इन्वेस्टर राउंडटेबल (वीजीआईआर) की अध्यक्षता की।

2-Enhanced PINAKA rocket, developed by Defence Research and Development Organisation (DRDO) has been successfully flight tested from Integrated Test Range, Chandipur off the coast of Odisha.

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिनाका रॉकेट प्रणाली के अत्याधुनिक रॉकेट का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह परीक्षण उड़ीसा स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र चांदीपुर केंद्र से किया गया।

3-Union minister Harsh Vardhan inaugurated a 10-bed makeshift COVID-19 hospital and isolation centre at the 4th Battalion Centre of the National Disaster Relief Force (NDRF) in Chennai.

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने चेन्नई में एनडीआरएफ के चौथे बटालियन केंद्र में **10** बेड के एक अस्थायी कोविड-**19** अस्पताल और पृथक-वास केंद्र का उद्घाटन किया।

4-Thaawarchand Gehlot, Union Minister for Social Justice and Empowerment inaugurated a camp for free distribution of assistive aids and devices at Block level for identified Divyangjans of North Mumbai under the ADIP scheme of Government of India at Poinsur Gymkhana, Kandivali (W) in North Mumbai virtually through online video streaming.

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने ऑनलाइन वीडियो स्ट्रीमिंग के जरिए उत्तरी मुंबई के कांदिवली (पश्चिम) स्थितपोइसर जिमखाना में भारत सरकार की एडीआईपी (दिव्यांगों को उपकरण खरीद फिटिंग के लिए सहायता) योजना के तहत एक कैंप का उद्घाटन किया।

5-To recognize the significant contributions towards defining the survival tactics of Leishmania donovani, Society of Biological Chemists (India) has chosen Dr Susanta Kar, Senior Scientist, Molecular Parasitology and Immunology, CSIR-CDRI, Lucknow for this year's Prof. A. N. Bhaduri Memorial Lecture Award.

लीशमैनिया डोनोवानी के रोगजनन क्षमता एवं उसके अस्तित्व की रणनीति को समझने की दिशा में किए गए उनके महत्वपूर्ण शोध कार्य /योगदान को मान्यता देने के लिए सोसाइटी ऑफ बायोलॉजिकल केमिस्ट्स (इंडिया) ने डॉ सुशांत कार, वरिष्ठ वैज्ञानिक, मोलेक्युलर पेरासीटोलोजी एंड इम्यूनोलॉजीविभाग, सीएसआईआर-सीडीआरआई, लखनऊ को इस साल के प्रोफेसर ए.एन. भादुड़ी मेमोरियल लेक्चर अवार्ड के लिए चुना है।

6-Union Minister of State (IC) for Tourism & Culture Prahlad Singh Patel inaugurated the "Tourist Facilitation Centre" facility constructed under the project "Development of Guruvayur, Kerala" under PRASHAD Scheme of the Ministry of Tourism through Virtual Platform.

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति राज्य मंत्री (आईसी) प्रहलाद सिंह पटेल ने पर्यटन मंत्रालय की प्रसाद योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से "केरल के गुरुवायुर के विकास" परियोजना के तहत बनाए गए "पर्यटक सुविधा केंद्र" सुविधा का शुभारंभ किया।

7-In a landmark step, India's public broadcaster Prasar Bharati entered into a Memorandum of Understanding with Bhaskaracharya National Institute for Space Applications and Geo-Informatics, Ministry of Electronics and Information Technology.

भारत के सार्वजनिक प्रसारक प्रसार भारती ने एक ऐतिहासिक कदम के रूप में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन्सएंड जियो - इन्फार्मेटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

8-The Cabinet Committee on Economic Affairs, CCEA approved 1 thousand 8 hundred 10 crore rupees investment proposal of 210 Mega Watt Luhri Stage-I Hydro Power Project on river Satluj which is situated in Himachal Pradesh.

मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने हिमाचल प्रदेश में सतलुज नदी पर **210** मेगावाट क्षमता की लुहरी पनबिजली परियोजना के पहले चरण के लिए एक हजार आठ सौ दस करोड रुपये की राशि की स्वीकृति दी है।

9-The Madhya Pradesh government banned the sale and use of firecrackers made in China and other foreign countries in the state.

मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में चीनी और अन्य विदेशी पटाखों की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

10-Faraaz Khan, known for starring in movies such as "Fareb" and "Mehndi" in the 1990s, passed away in Bengaluru on Wednesday. He was 46.

1990 के दशक में "फरेब" और "मेहंदी" जैसी फिल्मों में अभिनय करने के लिए जाने जाने वाले फराज खान का बेंगलुरु में निधन हो गया। वह **46** वर्ष के थे।